# तम्बाकू सेवन में रोक एवं नियमित योग व प्राणायाम हृदय रोगों में कारगर : मनचंदा

बीकानेर,(कासं)। कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के राजस्थान चैप्टर द्वारा बीकानेर में आयोजित दो दिवसीय द्वितीय वार्षिक कांफ्रेंस में कार्डियक बीमारियों से संबंधित करीब 120 विषयों पर संबंधित विशिष्ट चिकित्सकों द्वारा चर्चा की गई।

आयोजन समिति के सचिव डॉक्टर पिंटू नाहटा ने बताया कि डब्लूएचओ द्वारा 2025 तक हार्ट के मरीजों की संख्या विश्व में सर्वाधिक भारत देश में होने की संभावना जताई है। इसको ध्यान में रखते हुए इस कांफ्रेंस का विशेष आयोजन का विषय कार्डियक बीमारियों की रोकथाम से शुरू होकर उचित एवं नवीन पद्धतियों द्वारा उपचार के साथ नई तकनीकों जिसमें आधुनिक नए कार्डियक उपकरण एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समावेश किया गया। जिससे भारत में हार्ट की बीमारियों की संख्या में कमी के साथ उसका उचित उपचार आमजन को उपलब्ध करवाया जा सके।



बीकानेर में सी.एस.आई. कांफ्रेंस के समापन समारोह को डॉ. एस.सी. मनचंदा सेवानिवृत प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष एम्स नई दिल्ली ने संबोधित किया।

- सी.एस.आई. कांफ्रेंस में कार्डियक विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए
- योग और प्रणायाम को स्टैण्ट एवं बाईपास मरीजों के इलाज के साथ उपयोग करने के दौरान अधिक फायदों के बारे में बताया

डॉ. एस.सी. मनचंदा सेवानिवृत प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष एम्स नई दिल्ली ने बताया कि जीवनशैली में बदलाव तम्बाकू सेवन में रोक एवं नियमित शारीरिक श्रम के साथ योग एवं प्राणायाम का उपयोग हृदय की बीमारियों के रोकथाम में अत्यंत कारगर साबित हुआ। नवीन खोज के बाद यह आश्चर्यजनक आंकडे प्राप्त हुए। उन्होंने प्रेक्षा ध्यान पद्धति से हार्ट रोगियों को होने वाले लाभ की जानकारी दी।

पदमभूषण डॉ. तेजस पटेल ने अपने व्याख्यान के दौरान निजी अनुभव को साझा करते हुए बताया हाथ से एंजियोग्राफी और स्टैण्ट लगाने वाले मरीजों में कॉम्प्लीकेशन कम देखने को मिलता है। उन्होंने भी योग और प्रणायाम को स्टैण्ट एवं बाईपास मरीजों के इलाज के साथ उपयोग करने के दौरान अधिक फायदों के बारे में बताया।

कार्डियक सर्जन डॉ. अजीत बाना ने बताया कि हृदय से जुड़ी बीमारियों में बाईपास सर्जरी के साथ जीवनशैली में बदलाव एवं मधुमेह पर पूर्ण नियंत्रण से रोगी को अधिक लाभ मिलता है।

मेदांता अस्पताल नई दिल्ली के डॉ. प्रवीण चंद्रा ने बिना चीर-फाड के वॉल रिप्लेसमेंट के संबंध में अपने अनुभव साझा किये। सर गंगाराम अस्पताल नई दिल्ली के चिकित्सक डॉ. आर. आर. मंत्री ने एंजियोग्राफी के दौरान प्रयोग में लाने वाली दवाईयों के बारे में प्रकाश डाला।

राममनोहर लोहिया नई दिल्ली के चिकित्सक डॉ. रंजीत नाथ ने स्टैण्ट लगाने के नए नए तरीकों की जानकारी दी। जर्मनी से आये डॉ. दीपक जैन ने हार्ट फेल्योर वाले मरीजों में एंजियोप्लास्टी के दौरान उपयोग में आने वाले पंपिंग डीवासेज के बारे में प्रकाश डाला।

कांफ्रेंस में मुंबई के डॉ. कीर्ति पूनमिया, अहमदाबाद से डॉ. जयेश प्रजापती, डॉ आनंद शुक्ला, चैन्नई से डॉ. जस्टिन पॉल तथा अन्य विशिष्ट हृदय रोग विशेषज्ञों ने अपना उद्बोधन दिया। व्याख्यान माला में उदयपुर के डॉ. मुकेश शर्मा, जयपुर से डॉ. एम.एम शर्मा. डॉ. जी.एल. शर्मा, डॉ. रविन्द्र राव, डॉ. जितेन्द्र मुकड़, अजमेर से डॉ. राकेश महला, डॉ. आनंद अग्रवाल, डॉ. आर.के. गोखरू, एम्स जोधपुर से डॉ. देवेन्द्र देवड़ा, डॉ. राहुल चौधरी, डॉ. रोहित माथुर ने अपनी प्रस्तुती दी। कांफ्रेंस में राजस्थान यूनिवर्सिटी हेल्थ साइंसेज जयपुर की प्रोफेसर डॉ. रेशु गुप्ता ने मुख्य कॉर्डिनेटर के रूप में कांफ्रेंस को सफल बनाने के समस्त सूक्ष्म बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही हार्ट की बीमारियों को मूलभूत शारीरिक फिजियोलॉजी से समन्वित कर उचित उपचार पर प्रकाश डाला।

कांफ्रेंस की साइंटिफिक समिति के इंचार्ज डॉ. दिनेश चौधरी ने प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी, पीडियाट्रिक हार्ट केयर के साथ समस्त कार्डियक बीमारियों के विषयों की जानकारी दी। पीबीएम अस्पताल से डॉ. सचिन बांठिया, डॉ. युनूस खिलजी, डॉक्टर नदीम ने अपना प्रस्तुतीकरण दिया। आयोजन समिति के सचिव डॉक्टर देवेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि विशेषज्ञों के व्याख्यान से बीकानेर एवं आस पास के जिलों के हृदय रोग का उपचार कर रहे डॉक्टर्स को आधुनिक उपचार पद्धति की नवीन जानकारी सीखने को मिली।

## 1.84 करोड़ के कार्यों का शिलान्यास

श्रीगंगानगर, (कासं)। गंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी ने रविवार को अग्रसेन चौक और यूआईटी रोड पर आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में 1.84 करोड़ रूपये के कार्यों का शिलान्यास किया।

रविवार सुबह अग्रसेन चौक पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक बिहाणी ने कहा कि विकास के सभी कार्यों को पूर्ण करवाया जायेगा। जिन विकास कार्यों का शिलान्यास मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार गंगानगर में किया जा रहा है। उन सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्वक करवाया जायेगा।

उन्होंने कहा कि तीन दिनों लगभग पौने पांच करोड़ रूपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया है। इन कार्यों के पूर्ण होने के बाद आमजन को सुविधा मिलेगी। विधानसभा चुनाव के दौरान समाज के सभी वर्गों की ओर से मिले जनसमर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि वे बिना भेदभाव सदैव सर्वसमाज के विकास के लिए कार्य करते रहेंगे।

इस अवसर पर विधायक बिहाणी द्वारा 36.28 लाख रूपए की राशि से सिहाग हॉस्पिटल से लेकर मीरा मार्ग सड़क रिकारपेट कार्य, 32.77 लाख रूपए की राशि से जवाहर नगर सेक्टर 6 और आसपास के क्षेत्र में सड़क रिकारपेट कार्य और 21.34 लाख रूपए की राशि से जवाहर नगर के विभिन्न सेक्टरों में सड़क रिकारपेट कार्य का शिलान्यास किया गया। विधायक बिहाणी द्वारा 17.8 लाख रूपए की राशि से शंकर कॉलोनी व सिंधी कॉलोनी में सड़क कारपेट और रिकारपेट कार्य का शिलान्यास किया।

## सार-समाचार

### साइक्लिंग चैम्पियनशिप जीती


हिमांशु सारस्वत ने रोड साइक्लिंग चैम्पियनशिप विजेता बीकानेर टीम को ट्राफी से सम्मानित किया।

बीकानेर, (कासं)। 29 वीं राज्य स्तरीय रोड़ साइक्लिंग चैम्पियनशिप बीकानेर ने जीती है। बीकानेर की टीम ने ऑल ओवर स्पर्धाओं में 34 अंक हासिल कर चैम्पियनशिप अपने नाम की। नाल एयरफोर्स चौराहे पर राजस्थान साइक्लिंग एसोसिएशन के बैनर तले आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में 20 जिलों के 200 से ज्यादा खिलाड़ियों ने भागीदारी निभाई। राजस्थान साइक्लिंग एसोसिएशन के सचिव ओ. पी. विश्वकर्मा ने बताया कि लड़के व लड़कियों के लिये अंडर-14, अंडर-16, अंडर-18 व सीनियर वर्ग में बीकानेर विजेता तथा 23 अंकों के साथ बाड़मेर उप विजेता रही। सभी विजेता व उप विजेता टीमों को ट्रांफियां तथा खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कार राजस्थान साइक्लिंग एसोसिएशन के चेयरमैन रविशेखर मेघवाल ने प्रदान किये। साथ ही जी. एस. खत्री, दाउलाल प्रजापत, पूनमचंद नायक, सुखदेव गहलोत, सुरेन्द्र सिंह कूकणा, फूसे खां, महफूज अली, तौफिक अहमद, रामसुख, राजेन्द्र कम्बोज आदि सीनियर साइक्लिस्ट उपस्थित थे। सचिव विश्वकर्मा ने सभी का आभार जताते हुए बताया कि अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### पेयजल के 11 नमूने लिए


जलदाय विभाग के विशेष अभियान के तहत दूसरे दिन टीम ने पेयजल के लिए 11 नमूने लिए।

बीकानेर, (कासं)। मौसमी बीमारियों की प्रभावी रोकथाम और स्वच्छता के मद्देनजर जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि के निर्देशानुसार नगर निगम तथा जलदाय विभाग के विशेष अभियान के तहत लगातार दूसरे दिन भी नमूने लिए। दोनों विभागों की टीमों द्वारा जस्सूसर गेट के अंदर तथा जिला अस्पताल के आस पास के क्षेत्र में पेयजल के 11 नमूने लिए गए। इस दौरान जस्सूसर गेट के आशापुरा मंदिर से, पोस्ट ऑफिस के पास निवासरत जनार्दन गौड़ एवं क्षेत्र के अन्य घरों से तथा जस्सूसर गेट के अंदर निवासरत मोहनलाल जोशी के घर से नमूने लिए गए। इसी क्रम में बिन्नाणी भवन के पास निवासरत वीरेंद्र जोशी, चांद श्रीमाली तथा बृज मोहन दवे के घर से, जिला अस्पताल के पीछे के क्षेत्र में रामेश्वर लाल जोशी, अरूण पारीक, शिवनारायण पारीक तथा एच. एम. जोशी के घर से नमूने लिए गए। टीमों द्वारा घरों पेयजल सप्लाई की स्थिति की जानकारी ली गई। आमजन को मौसमी बीमारियों से बचाव के साथ पेयजल गुणवत्ता के बारे में बताया गया। उल्लेखनीय है कि विशेष अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा।

### कोलायत मेले की व्यवस्थाएं जांची


बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि और पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सागर ने कोलायत मेले की तैयारियों का जायजा लिया।

बीकानेर, (कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि तथा पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सागर ने रविवार को कोलायत क्षेत्र का दौरा किया तथा कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर भरने वाले मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला कलेक्टर ने कहा कि मेले में देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके मद्देनजर सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। सभी तैयारियों को समय रहते अंतिम रूप दिया जाए। नियंत्रण कक्ष सक्रिय रहे तथा प्रत्येक स्थिति पर क्विक रिस्पॉन्स सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सरोवर के आसपास गोताखोर तथा एसडीआरएफ को टीमों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कानून व्यवस्था की स्थिति की जानकारी ली और पर्याप्त जाब्ता तैनात करने को कहा। पार्किंग, आवास, पेयजल सहित प्रत्येक व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान उपखंड अधिकारी राजेश नायक सहित स्थानीय अधिकारी भी साथ थे।

# नशे के सौदागरों ने बीकानेर में अपनी जड़ें जमाई

बीकानेर,(कासं)। नशे का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है और सबसे ज्यादा युवा इसकी चपेट में हैं। पिछले दो साल में पुलिस थानों में जितने मुकदमे दर्ज नहीं हुए उससे ज्यादा इस साल 10 माह में ही दर्ज हो चुके हैं। बीकानेर में सबसे ज्यादा तस्करी डोडा-पोस्त की हो रही है।

- पिछले दो साल में पुलिस थानों में जितने मुकदमे दर्ज नहीं हुए उससे ज्यादा इस साल 10 माह में ही 313 केस दर्ज हो चुके हैं

बीकानेर जिले को सेफ मानकर नशे का कारोबार करने वाले तस्करों ने यहां अपने पांव जमा लिए। तीन साल पहले तक बीकानेर में नशा चोरी-चुपके और चुनिंदा लोगों तक सीमित था। लेकिन पिछले तीन सालों में अचानक नशे के सौदागरों ने गहराई तक अपनी जड़ें जमा ली। अब नशीले पदार्थ आमजन, खासकर युवाओं तक आसानी से पहुंचने लगे। भुट्टो का बास, सुभाषपुरा, रामपुरा, बंगला नगर सहित कई इलाकों में परिवार के परिवार इस गोरखधंधे में शामिल हो गए। डोडा-पोस्त, अफीम, गांजा, चरस, नशीली दवाईयों से लेकर एमडी जैसे खतरनाक नशीले पदार्थ बीकानेर में सप्लाई होने लगे और जमकर खरीद-फरोख्त की जाने गली। पिछले तीन साल में पुलिस थानों में दर्ज मुकदमों की पड़ताल की तो सामने आया कि नशे का कारोबार तेजी से बढ़ा है। पिछले दो सालों में दर्ज मुकदमों से ज्यादा तो केवल इस साल 10 माह में ही दर्ज हो चुके हैं। पुलिस ने वर्ष 2022 में 133 केस दर्ज कर 233 अभियुक्तों को और वर्ष 2023 में 160 केस दर्ज कर 207 लोगों को गिरफ्तार किया था। लेकिन वर्ष 2024 में अक्टूबर माह तक 313 मुकदमे दर्ज हो चुके जिनमें 370 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किए जिनमें सबसे ज्यादा डोडा-पोस्त है। पुलिस रिकॉर्ड में 42 ऐसे अभियुक्त चिन्हित किए गए हैं जो जनवरी से अक्टूबर तक नशीले पदार्थ बेचते धरे गए। शहर में नशीले पदार्थों पर पूरी तरह से रोक अब तक नहीं लग पाई है। पिछले दिनों पुलिस ने भुट्टों के बास में तलाशी अभियान चलाया था। कुछ लोगों को पकड़ा। काफी मात्रों नशीले पदार्थ जब्त किए लेकिन यह अवैध कारोबार अब भी हो रहा है। हालांकि पुलिस की सक्रियता के कारण बाहर से खेप आनी फिलहाल बंद हो गई है।

## हिमांशु ने जीता नेशनल ब्रोंज मैडल

बीकानेर, (कासं)। पंजाब स्थित गुरू नानकदेव यूनिवर्सिटी अमृतसर में आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ताईक्वांडो चैम्पियनशिप में बीकानेर के हिमांशु सारस्वत ने नेशनल ब्रोंज मैडल जीतकर बीकानेर का मान बढ़ाया।

वैदिक मार्शल आर्ट एकेडमी बीकानेर के हैड कोच धनंजय सारस्वत ने बताया कि गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में बीकानेर के हिमांशु सारस्वत ने टांटिया विश्वविद्यालय की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए टीम पूमसे स्पर्धा में नेशनल ब्रोंज मैडल जीता। आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ताईक्वांडो चैम्पियनशिप इतिहास में टीम पूमसे में बीकानेर जिले में हिमांशु सारस्वत का यह पहला मैडल है। नेशनल मैडल जीतकर बीकानेर लौटने पर हिमांशु सारस्वत का रविवार को भव्य स्वागत किया जायेगा।

# गुरूद्वारा में 31 कन्याओं का सामूहिक विवाह

श्रीगंगानगर, (कासं)। गुरूद्वारा बाबा दीपसिंह शहीद की ओर से रविवार को शहर के पदमपुर रोड स्थित गुरूद्वारा परिसर में 31 कन्याओं का सामूहिक विवाह करवाया गया। इनमें 26 कन्याओं के आनंद कारज हुए। जबकि पांच के हिन्दु रीति से फेरे करवाए गए।

- पांच जोड़ों के फेरे करवाए जबकि 26 कन्याओं के आनंद कारज हुए

गुरूद्वारा परिसर और इसके सामने स्थित डीईओ सैकण्डरी ऑफिस के कैम्पस में विवाह के तमाम प्रबंध किए। गुरूद्वारा परिसर में स्थित हॉल में 26 कन्याओं के आनंद कारज हुए। इस दौरान धार्मिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर वधु के परिजन और गुरूद्वारे के मुख्य सेवादार तेजेंद्रपाल सिंह टिम्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

सुबह सभी बारातों का स्वागत किया गया। इसके बाद गुरुद्वारा परिसर के निकट हिंदु रीति से विवाह के लिए बने पंडाल में पांच जोड़ों के फेरे करवाए गए। वहीं गुरूद्वारे के हॉल में आनंद कारज की प्रक्रिया चली। दोपहर में विवाह की गतिविधियों के बाद कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों के लिए गुरुद्वारे के सामने डीईओ सैकंडरी ऑफिस कैम्पस में लंगर का प्रबंध किया गया।

गुरूद्वारे के मुख्य सेवादार तेजेंद्रपाल सिंह टिम्मा ने बताया कि जिन युगल के विवाह करवाए गए उन्हें जीवन में कभी भी नशा नहीं करने और दूसरों को भी नशा नहीं करने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। गुरूद्वारे की ओर से पिछले 22 साल से लगातार सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कई लोगों और संगठनों का सहयोग रहता है।

# पुष्करणा छात्रावास नशेड़ियों का अड्डा बना

बीकानेर, (कासं)। निर्माणाधीन पुष्करणा छात्रावास परिसर में नशेड़ियों ने एक भी कमरे और बाथरूम को नहीं छोड़ा जिसे नशे के दौरान काम न लिया गया हो। शराब की टूटी बोतलें, गांजा,अफीम स्मैक के साथ सिगरेट, इंजेक्शन, नशीली दवाओं की बोतलें फॉयल पेपर,10-20 रूपयों के अधजले नोट इस बात की ओर इशारा कर रहे थे ये जगह पूरे तरीके से नशेड़ियों के नियंत्रण में है।

सफाई अभियान के दौरान इस सब सामग्री को कट्टे में डालकर बाहर फेंका गया। करीबन इस परिसर में 10 कट्टे नशीले वस्तुओं का कचरा निकला। सफाई अभियान में वेदव्यास के साथ बृजमोहन पुरोहित, विक्रम सिंह राजपुरोहित, संतोष पुरोहित, बजरंग तंवर,गिरधर जोशी, ऋषि पारीक, सेठी किराडू, भव्य, विक्रम हर्ष , रामदेव, कालू व्यास, विशेष व्यास, विक्की पुरोहित, हिमांशु किराडू, दाऊजी लहरी, जीतू भादानी, भूतनाथ मंडल, सहित कई जागरूक युवा मौजूद थे।

यहां के कुछ युवाओं ने बीकानेर को नशा मुक्त करने का अभियान चला रखा है। अभियान के तहत रोज एक्टिविटी शहर में हो रही है। अभियान चला रहे कुछ युवा एव सामाजिक कार्यकर्ता वेदव्यास के नेतृत्व में निर्माणाधीन पुष्करणा छात्रावास में जागरूक युवा एकत्रित हुए। छात्रावास परिसर में सफाई की। अपने वीडियो और रील्स को लेकर चर्चाओं में रहने वाले ईशा नाथ मंडल के युवाओं ने भी हनुमान चालीसा का पाठ किया।

## फरार आरोपी गिरफ्तार

नोखा, (कासं)। यहां की जसरासर पुलिस ने दो साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे वांछित आरोपियों की धरपकड़ अभियान के दौरान दो साल से फरार चल रहे अवैध शराब बनाने की सामग्री सप्लायर जुगल सिंह राजपूत निवासी बण्डवा (राजलदेसर) को गिरफ्तार किया।

प्रकरण दर्ज होने के बाद आरोपी अपने गांव में नहीं रहकर अलग-अलग जगह फरारी काट रहा था। जुगल सिंह सिम का उपयोग नहीं करता था। अलग-अलग लोगों से इंटरनेट लेकर इंस्टाग्राम से चलाता था। पुलिस से इंस्टाग्राम की डिटेल प्राप्त करके जालौर से दस्तयाब करके गिरफ्तार किया। कार्रवाई में संदीप कुमार थानाधिकारी, कानि. बलवान, सुमित कुमार, कैलाश, दीपक, दीपक यादव शामिल थे।

# कॉलेजों में अब 20 से कम आवेदन पर प्रवेश का रास्ता साफ

बीकानेर, (कासं)। उच्च शिक्षा विभाग ने सरकारी कॉलेजों में एडमिशन पॉलिसी में बदलाव किया है। अब इसमें शिथिलता देते हुए न्यूनतम संख्या 10 होने पर भी फीस जमा करवाने के आदेश दिए हैं।

- शिथिलता देते हुए न्यूनतम संख्या 10 होने पर भी फीस जमा करवाने के आदेश दिए

स्नातक प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रूमों में 10 छात्रों के आवेदन पर पर भी कॉलेज मेरिट निकाल कर प्रवेश प्रारंभ कर सकते हैं। इससे पहले गवर्नमेंट कॉलेजों में प्रथम वर्ष में 20 से कम आवेदन जमा होने पर ही दाखिले शुरू किए जा सकते थे। कई कॉलेजों में सीटें भरने के लिए बार-बार आवेदन की डेट बढ़ाई जाती थी। इससे शिक्षण सत्र का समय घटता जा रहा था। अब इस बदलाव से शिक्षण प्रारंभ करने में आसानी होगी। वहीं 10 से कम आवेदन जमा होने पर राहत नहीं दी गई है। आयुक्तालय ने प्राचार्यों को निर्देश दिए हैं कि यूजी प्रथम वर्ष में 20 से अधिक आवेदन पत्र जमा हुए हैं। उनकी मेरिट जारी होने के बाद यदि फीस जमा कराने वाले स्टूडेंट्स की संख्या 20 से कम है और इनकी कॉलेज ने मेरिट जारी नहीं की है तो अब न्यूनतम स्टूडेंट्स की संख्या 20 के स्थान पर 10 कर दी है। इनकी ऑफलाइन प्रवेश फीस की स्वीकृति जारी कर दी है। प्रिंसिपल 13 नवम्बर तक ऑनलाइन एंट्री कर सकेंगे।

कॉलेजों में रिक्त रही सीटों पर अभ्यर्थी 11 नवम्बर तक संबंधित कॉलेज में ऑफलाइन आवेदन कर सकेंगे। अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेजों का वेरिफिकेशन और शुल्क जमा करने की तिथि 12 व 13 नवम्बर निर्धारित की गई है। प्रवेशित विद्यार्थियों की सूची 14 नवम्बर को घोषित की जायेगी। जिन अभ्यर्थियों ने अभी तक आवेदन नहीं किया है। उनके पास अब सोमवार का समय शेष है। इस सत्र में स्टूडेंट्स की संख्या 10 से कम रहने पर उस विषय का शिक्षण कार्य इस सत्र में स्थगित रहेगा।

# तप समारोह में तपस्या करने वाले 79 तपस्वियों का किया अभिनंदन

बीकानेर, (कासं)। शांति निकेतन, गंगाशहर श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, गंगाशहर द्वारा सेवा केन्द्र व्यवस्थापिका साध्वी चरितार्थ प्रभा व साध्वी प्रांजल प्रभा के सानिध्य में तप अभिनंदन समारोह का आयोजन शांति निकेतन में किया गया।



साध्वी चरितार्थ प्रभा व साध्वी प्रांजल प्रभा के सानिध्य में आयोजित तप अभिनंदन समारोह में 79 तपस्वियों का अभिनंदन किया।

- साध्वी प्रांजल ने तप की अनुमोदना करते हुए तप की महत्ता बताई

कार्यक्रम में तप अनुमोदना करते हुए साध्वी चरितार्थ प्रभा ने अपने उद्बोधन में कहा कि तप के द्वारा आत्मा को कृष किया जाता है अर्थात आत्मा को कषायों से पतला किया जा सकता है। तप का आशय त्याग करने से है। तपस्या में अशन, पान, खादिम, स्वादिम का त्याग किया जाता है। उनके साथ कषाय व इंद्रियों के विषयों का त्याग करना चाहिए।

बाह्य तप की तुलना में अभ्यंतर तप अधिक महत्वपूर्ण है, जो कि मोक्ष तक पहुंचाने वाला है। अहंकार का नाश करने के लिए विनय का, रसनेन्द्रिय पर नियंत्रण के लिए विगय वर्जन या रस त्याग का अभ्यास करें। इंद्रियों पर विजय के लिए ध्यान व कायोत्सर्ग का प्रयोग करें। उन्होंने सात्विक, राजसिक व तामसिक तप का विवेचन करते हुए सात्विक तप को श्रेष्ठ बताया। साध्वी प्रांजल प्रभा ने अपने उद्बोधन में कहा की तपस्या के द्वारा व्यक्ति व आत्मा का तेज बढ़ता है। जीवन की कालिमा को धोया जा सकता है। गौतम स्वामी द्वारा पूछने पर भगवान महावीर ने कहा कि तपस्या से कर्मों का शोधन होता है। कर्मों की निर्जरा होती है। निर्जरा का पहला प्रकार अनशन है। उन्होंने तप की अनुमोदना करते हुए तप की महत्ता बताई। कार्यक्रम का शुभारंभ तेरापंथ कन्या मंडल द्वारा प्रस्तुत मंगलाचरण से हुआ। तेरापंथ युवक परिषद मंत्री भरत गोलछा, तेरापंथ महिला मंडल अध्यक्ष संजू लालाणी व तेरापंथी सभा के निवर्तमान अध्यक्ष अमरचंद सोनी ने अपने उद्गार व्यक्त किये। समारोह में आठ से अधिक तपस्या करने वाले 79 तपस्वियों का सम्मान किया गया।

# देवउठनी पर सामूहिक विवाह में 13 जोड़े बनेंगे हमसफर

बीकानेर, (कासं)। श्री विश्वकर्मा सुथार समाज सामूहिक विवाह समिति बीकानेर का समाज मिलन एवं 12 वां आदर्श सामूहिक विवाह समारोह 12 नवम्बर को देव उठनी ग्यारस पर धरणीधर हैरिटेज, धरणीधर महादेव मंदिर, श्रीरामसर रोड पर आयोजित किया जायेगा।

धरणीधर महादेव मंदिर परिसर में विवाह समिति के अध्यक्ष नवरतन धामू ने बताया कि समिति ने अब तक सामूहिक विवाह के माध्यम से 123 जोड़ों को परिणय सूत्र में जोड़ा है। इस बार 13 जोड़े परिणय सूत्र में बंधने के साथ यह 136 जोड़ों का अब तक का सफर पूरा हो जायेगा। इस बार होने वाले मांगलिक कार्यक्रम सोमवार 11 नवम्बर को शाम 6.15 बजे सुन्दरकाण्ड पाठ के साथ आरंभ हो जायेंगे। 12 नवम्बर को मुख्य कार्यक्रम पाणिग्रहण संस्कार रात्रि की शुभ वेला में किया जायेगा। इससे पूर्व शाम 5.15 बजे बारात स्वागत कार्यक्रम आयोजित होगा। उसके बाद प्रीतिभोज शाम 6.15 बजे से आरंभ होगा। मंगलवार की सुबह 10.15 बजे गणेश पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत होगी। उसके बाद विधि विधान के साथ 11.15 बजे भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न किया जायेगा। संस्थापक सदस्य कन्हैयालाल बरड़वा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्व. देवाराम कुलरिया के पुत्र भूराराम, चीमाराम, दीपक, लालचन्द होंगे।



श्री विश्वकर्मा सुथार समाज सामूहिक विवाह समारोह के बारे में जानकारी देते नवरतन धामू।